भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा और एम्स ने 11.73 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग सह रोगी प्रतीक्षालय परियोजना के लिए कार्य प्रारंभ कर सामुदायिक बेहतरी के लिए अपने संबंधों को सुदृढ़ किया

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर 2024 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में पार्किंग -सह- रोगी प्रतीक्षालय के निर्माण आरंभ करने की घोषणा की गई। यह परियोजना भाविप्रा के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत वित्त पोषित है, जिसके निर्माण की कुल अनुमानित लागत 11.73 करोड़ रुपये है। 17 अक्तूबर 2024 को श्री एम. सुरेश, अध्यक्ष, भाविप्रा तथा श्री करण सिंह, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन, एम्स और भाविप्रा बोर्ड के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में पूजन समारोह आयोजित किया जाएगा ।

यह पहल सामाजिक कल्याण और अवंसरचना के विकास को समर्थन देने के लिए भाविप्रा की सतत् प्रतिबद्धता का एक भाग है। प्रस्तावित सुविधा एम्स के गेट नंबर 2 के निकट निर्मित होगी और इसका उद्देश्य भीड़भाड़ को कम करना और रोगियों के परिचारकों के लिए अति आवश्यक स्थान के साथ-साथ समर्पित पार्किंग उपलब्ध कराना है।

1,650 वर्ग मीटर में विस्तृत इस सुविधा में 850 वर्ग मीटर में फैला ग्राउंड/स्टिल्ट फ्लोर शामिल होगा, जिसमें प्रतीक्षालय, स्वागत कक्ष और 55 कारों के लिए पार्किंग की सुविधा होगी। 800 वर्ग मीटर में फैले प्रथम तल पर 470 लोगों के लिए अतिरिक्त प्रतीक्षा स्थान, वेंडिंग मशीन और शौचालय होंगे।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस निर्माण को आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इनमें खान-पान और कॉफी वेंडिंग मशीनें, पूछताछ के लिए एक हेल्पडेस्क/रिसेप्शन क्षेत्र और उपस्थित लोगों को सूचित और मनोरंजन करने के लिए टीवी स्क्रीन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, महत्वपूर्ण घोषणाएँ करने के लिए एक उन्नत घोषणा प्रणाली होगी, साथ ही जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए एक फीडबैक निवारण प्रणाली भी होगी।

संधारणीयता सुनिश्चित करने के लिए, परियोजना में ऊर्जा खपत को कम करने के लिए सौर पीवी प्रणाली को शामिल किया जाएगा। इस पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी अवसंरचना का विकास संस्थान और भाविप्रा के फोकस के अनुरूप है। परियोजना को अगले 12 महीनों के भीतर पूरा करने की योजना है।

भाविप्रा की सीएसआर पहल समुदाय और सार्वजनिक कल्याण परियोजनाओं को समर्थन देना जारी रखे हुए है। इस सुविधा से एम्स की अवसंरचना में उल्लेखनीय सुधार होने की आशा है, जिससे रोगियों और चिकित्सा कर्मचारियों दोनों के लिए यह एक बेहतर अनुभव होगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) भारत में नागर विमानन अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है। समाज की बेहतरी के लिए अपनी प्रतिबद्धता के भाग के रूप में, भाविप्रा नियमित रूप से सामाजिक और सार्वजनिक कल्याण में योगदान देने के लिए अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से परियोजनाएं पर कार्य करता है।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: (सीसी) 011 - 20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 15/2024-25